(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) उन विनिर्माताओं के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है जो 'ज्वारिश आंवला' औषधि के उस लॉट की सप्लाई के लिए जिम्मेदार है जिसमें हाल ही में रेत तथा पत्थर के टुकड़े पाए गए थे ; और

(घ) सरकार अच्छे किस्म की औषधियों की नियमित सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (घ) यूनानी औषधियां रोगियों को प्रायः नियमित आधार पर प्रदान की जाती है। आपूर्ति में देरी होने की स्थिति में स्थानीय खरीद करके औषधियां उपलब्ध करा दी जाती हैं।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के किसी लाभार्थी से इस बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

अच्छी गुणवत्ता वाली औषधियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए औषधियों का यूनानी चिकित्सकों की समिति द्वारा पूर्व-परीक्षण किया जाता है।

Shortage of Anti-Rabies injection in M.P.

4432. SHRI SURESH PACHOURI; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is an acute shortage of anti-rabies injections in most of the hospitals in Madhya Pradesh particularly in Maharana hospital, Jagdalpur which has endangered the lives of many people who are bitten by Stray dogs in the State; and

(b) if so, what action Government have taken to augment the supply of anti-rabies injections in Madhya Pradesh?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA); (a) and (b) Supply of medicines in the State Government hospitals is the concern of the respective State and local Health authorities. Anti-rabies injections are also procured by the concerned State Government directly. The State Government of Madhya Pradesh has not so far reported any shortage of anti-rabies injections in their hospitals and has not sought assistance.

एक ओर स्तनपान को बढ़ावा दूसरी ओर "बोतल" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार

4433. श्री सन्य प्रकाश मालवीय :
श्री महेन्द्र सिंह लाठर :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 4 अगस्त, 1992 के "हिन्दुस्तान" में "एक ओर स्तनपान को बढ़ावा, दूसरी ओर बोतल लाने के निदेश" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें यह कहा गया है कि इस संदर्भ में सरकारी अस्पताल स्वयं ही सरकारी नीतियों की अवमानना करते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

(ग) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम के लाजपत नगर स्थित अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती की गई एक महिला मरीज से उसके नवजात शिशु के लिए न केवल बेबी पाउडर तथा बोतल लाने के लिए कहा गया बल्कि पाउडर और बोतल किस कम्पनी का हो उसे यह भी सुझाया गया ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार सरकारी अस्पतालों में की जा रही ऐसी